# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–22.08.2025 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक 2025 भारत को बनाएगा नवाचार का केंद्र, ई–स्पोर्ट्स को मिलेगा बढ़ावा।
- झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र आज से शुरू, पहले दिन पेश होगा अनुपूरक बजट।
- झारखंड पुलिस की सीआईडी ने साइबर अपराध के खिलाफ की बड़ी कार्रवाई, 15 हजार म्यूल बैंक खातों की पहचान, सात आरोपी गिरफ्तार।
- रांची समेत 13 जिलों में भारी बारिश और वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट, रांची में वज्रपात से तीन बच्चियों की मौत।
- रांची में आज से अंडर–23 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता की शुरुआत, 27 राज्यों से 850 पहलवान ले रहे हिस्सा।

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि संसद द्वारा पारित ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक– 2025 भारत को गेमिंग, नवाचार और रचनात्मक सृजनशीलता का केंद्र बनाने की उनकी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह विधेयक समाज को ऑनलाइन मनी गेम्स के दुष्प्रभावों से भी बचाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ई–स्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेम्स को बढ़ावा देगी।

********************

झारखंड में दोनों सदनों से ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन विधेयक पास होने पर बुद्धिजीवियों, प्राध्यापकों, शिक्षकों और अभिभावकों ने स्वागत किया है। जामताड़ा डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अमर कुमार दास ने केंद्र सरकार को बधाई दी।

इधर जमशेदपुर में भी सरकार द्वारा पेश किए गए ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक 2025 का लोगों ने स्वागत किया और इसे सराहनीय कदम बताया। युवा पत्रकार विकास श्रीवास्तव ने कहा कि राजस्व लाभ के बावजूद ऐसे ऐप्स पर बैन लगाने का निर्णय साहसिक और समाजहित में है।

********************

झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र आज से शुरू हो रहा है, जो 28 अगस्त तक चलेगा। इस सत्र में कुल चार कार्य दिवस होंगे। सत्र के पहले दिन वित्तीय वर्ष 2025– 26 का पहला अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा। फिर शोक प्रकाश होगा।

********************

सांसद डॉ. प्रदीप वर्मा ने कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर राज्य की गिरती कानून व्यवस्था, घुसपैठ, धर्मांतरण और बढ़ते भ्रष्टाचार की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री को राज्य की वर्तमान राजनीतिक और सामाजिक परिस्थितियों से भी अवगत कराया। डॉ. वर्मा ने मोदी सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं जैसे हाइवे, वंदे भारत ट्रेन, आयुष्मान योजना, प्रधानमंत्री आवास और किसान सम्मान निधि की सराहना की।

********************

पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने दुमका में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संथाल परगना में संगठन को मजबूत करने की रणनीति बनाई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या मंत्री पर पांच साल से अधिक सजा वाले मामले में आरोप लगने और तीस दिन तक न्यायिक हिरासत में रहने पर पद छोड़ना अनिवार्य होना चाहिए और विपक्ष को इसका स्वागत करना चाहिए।

********************

आकाशवाणी रांची के प्रादेशिक समाचार एकांश में आकस्मिक प्रसारण सहायक का पैनल बनाने के लिए आवेदन–पत्र आमंत्रित किया गया है। इस संदर्भ में योग्य उम्मीदवार आकाशवाणी के वेबसाईट newsonair.gov.in और prasarbharati.gov.in के Vacancies सेक्शन और प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल @ airnews_ranchi से प्रकाशित विज्ञापन डाउनलोड कर सकते हैं। योग्य उम्मीदवार अपना आवेदन 10 सितंबर 2025 तक उप महानिदेशक सह कार्यालय प्रमुख, आकाशवाणी, रातू रोड, रांची, पिन कोड–834001 के पते पर स्पीड पोस्ट से भेज सकते हैं।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

********************

झारखंड पुलिस की सीआईडी ने साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 15 हजार म्यूल बैंक खातों की पहचान की है। ये खाते धोखाधड़ी की रकम छिपाने के लिए साइबर अपराधियों द्वारा उपयोग किए जा रहे थे। सीआईडी ने 10 लाख रुपये या उससे अधिक के लेनदेन वाले 40 लेयर–1 खातों पर एफआईआर दर्ज कर अब तक सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जांच में खुलासा हुआ कि इन साइबर अपराधियों का नेटवर्क बिहार, ओडिशा, यूपी, बंगाल समेत 14 राज्यों तक फैला हुआ है।

********************

साहिबगंज अवैध खनन मनी लॉन्ड्रिंग केस में आरोपी दाहू यादव के सहयोगी निमाई चंद्र ने कल रांची पीएमएलए की विशेष अदालत में सरेंडर किया। कोर्ट ने अधिवक्ता की दलील सुनने के बाद पासपोर्ट जमा करने और बिना अनुमति देश नहीं छोड़ने की शर्त पर उसे जमानत दे दी।

********************

लोहरदगा जिले में बढ़ती सडक दुर्घटनाओं को देखते हुए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

********************

संक्षिप्त खबरें–

- रांची में अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) ने रांची विश्वविद्यालय की समस्याओं और मूलभूत सुविधाओं की बहाली को लेकर शव यात्रा निकालकर अनोखे तरीके से विरोध प्रदर्शन किया। छात्र–छात्राओं ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय शुल्क तो वसूल रहा है लेकिन परीक्षाएं और जरूरी सुविधाएं उपलब्ध नहीं करा रहा है।
- जमशेदपुर जिला पुलिस मुख्यालय से टाटा स्टील कंपनी में चोरी के आरोप में पकड़े गए दो कैदी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए जिन में से एक आरोपी को पकड़ लिया गया। पुलिस ने जानकारी दी कि फरार आरोपी की तलाश तेज कर दी गई है और लापरवाही बरतने वाले कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी।

********************

मौसम विभाग ने आज रांची समेत 13 जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। साथ ही राज्य के अधिकांश स्थानों पर तेज हवाएं चलने और वज्रपात की आशंका भी व्यक्त की गई है। मौसम विभाग ने लोगों को सावधानी बरतने और मौसम अलर्ट का पालन करने की अपील की है।

********************

रांची जिले के बेरो के नरकोपी इलाके में स्कूल से घर लौट रही तीन लड़कियों की बिजली गिरने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान 7 वर्षीय अंजलि कुजूर, 5 वर्षीय परी उरांव और 10 वर्षीय बासमती उरांव के रूप में हुई है।

********************

अंडर–23 सीनियर पुरुष फ्री स्टाइल, ग्रीको रोमन स्टाइल एवं महिला राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता 2025 की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह प्रतियोगिता झारखंड सरकार के सहयोग से झारखंड राज्य कुश्ती संघ द्वारा 24 अगस्त तक रांची के खेलगांव स्थित गणपत राय इंडोर स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। 27 राज्यों और यूनिट से लगभग 850 महिला–पुरुष पहलवान प्रतियोगिता में भाग लेने रांची पहुंचे हैं और स्टेडियम में अभ्यास कर रहे हैं।

********************

अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के शुरू होने की खबर को अपनी सुर्खी बनायी है।

दैनिक जागरण ने लिखा है– विधानसभा का पूरक मानसून सत्र आज से, पारित होंगे पांच महत्वपूर्ण विधेयक।

प्रभात खबर ने जेटेट में आरक्षण का लाभ, शिक्षक नियुक्ति में अनारक्षित वर्ग में चयन की खबर को अपनी सुर्खी बनायी है।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– जीएसटी की नई दरों को मंजूरी, सस्ते सामान का रास्ता साफ।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– बीआईटी मेसरा में छात्रा से छेड़छाड़ के खिलाफ प्रदर्शन, कक्षा का बहिष्कार।

********************